## संपादकीय

# ऑस्करः पैरासाइट के जलवे

इस बार ऑस्कर अवॉर्ड को लेकर तमाम कयास गलत साबित हुए। दुनिया को चौंकाते हुए दक्षिण कोरियाई फिल्म 'पैरासाइट' ने बेस्ट पिक्चर का ऑस्कर अवॉर्ड जीत लिया। ऑस्कर जीतने वाली यह पहली गैर-अंग्रेजी फिल्म है। बड़ी बात यह कि यह सम्मान जर्मन, फ्रेंच, स्पैनिश, इटैलियन या रूसी के बजाय एक एशियाई जुबान के खाते में आया है। इसे कुल चार अवॉर्ड- बेस्ट फिल्म, बेस्ट ओरिजनल स ीनप्ले, बेस्ट डायरेक्टर और बेस्ट इंटरनेशनल फीचर कैटिगरी में मिले हैं। बेस्ट ऐक्टर का अवॉर्ड 'जोकर' के लिए वॉकिन फीनिक्स को और बेस्ट ऐक्ट्रेस का तमगा फिल्म 'जूडी' के लिए रिनी जैलवेगर को मिला। कॉफी हाउस में बैठकर लिखने वाले 'पैरासाइट' के डॉयरेक्टर बॉन्ग जून हो ने 25 साल के करियर में अब तक सिर्फ 7 फीचर फिल्मों का निर्देशन किया है। उन्हें 2003 में अपनी दूसरी फिल्म 'मेमोरीज ऑफ मर्डर' से जबर्दस्त ख्याति मिली।

यह कोरियाई इतिहास में हुए सीरियल मर्डर्स के सबसे पहले मामले पर आधारित थी। पैरासाइट में उन्होंने पूंजीवादी व्यवस्था की विसंगतियों पर करारा प्रहार किया है। फिल्म के केंद्र में है- किम फैमिली। पिता किम की-तेक एक खुशमिजाज और फक्क ड़ आदमी है। उसकी प ी चंग सुक दिन भर काम में लगी रहने वाली वर्काहॉलिक है। बेटी की-जुंग स्मार्ट और आर्टिस्टिक है और बेटा की-वू भी टैलेंटेड है। लेकिन सब के सब बेरोजगार हैं, पार्ट टाइम काम-धंधे करते हैं। गजब यह कि एक संयोग का फायदा उठाकर इस परिवार के सारे सदस्य एक अमीर परिवार के घर में पहचान बदल कर रहने लगते हैं और उसके साधनों से अपना जीवनयापन करते हैं। एक दिन उनका सामना उसी घर में रहने वाले अपने ही जैसे एक और परिवार से होता है। पैरासाइट का मतलब है परजीवी। फिल्म के ये पात्र कहने को पैरासाइट हैं लेकिन असल में ये अमीरों से कहीं ज्यादा योग्य हैं। बस, जिस व्यवस्था में वे रहते हैं, वह उन्हें अवसर नहीं दे रही। जाहिर है, यह सच सिर्फ साउथ कोरिया का नहीं, पूरी दुनिया का है। फिल्म 2019-20 के अवॉर्ड सीजन की यह सबसे पॉपुलर आर्टहाउस फिल्म रही है लेकिन कमर्शल सिनेमाघरों में भी इसे अच्छी सफलता मिली है। फ्रांस के नामी कान फिल्म फेस्टिवल-2019 में इसने सबसे बड़ा अवॉर्ड 'पाम द ओर' जीता, उस साल जब कोरियाई सिनेमा अपनी 100वीं जयंती मना रहा था। भारतीय रुपये के हिसाब से इसका बजट करीब 80 करोड़ का था, जबकि लगभग 1180 करोड़ रुपये का बिजनेस यह पूरी दुनिया में कर चुकी है। इसे मिला ऑस्कर एक तरह से कोरियाई मनोरंजन जगत पर सबसे ऊंची मोहर भी है। कोरियाई सीरियलों ने बहुत कम समय में अंतरराष्ट्रीय लोकप्रियता हासिल की है। वहां की सरकार भी अपनी फिल्मों, सीरियलों और पॉप म्यूजिक को बढ़ावा देने के लिए कुछ-कुछ करती रहती है।

# चालान को लेकर नया नियम लागू, रिन्यु नहीं होगा लाइसेंस

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** मोटर-वाहन कानून में एक और संशोधन होने जा रहा है। संशोधन के तहत यात्रा एवं परिवहन के नियमों का उल्लंघन करने पर अगर आपका चालान कटता है और चालान का भुगतान करने के लिए आपको 60 दिन का वक्त मिलेगा। अगर इस तय समय-सीमा में अगर वाहन मालिक जुर्माने की रकम भुगतान नहीं करते हैं तो उनके लाइसेंस या वाहन के रजिस्ट्रेशन को रीन्यू नहीं किया जाएगा। ड्राफ्ट रूल्स में कहा गया है कि यदि तय समय सीमा के भीतर वाहन का चालान या जुर्माना अदा नहीं किया जाता है तो यातायात पुलिस या परिवहन विभाग संबंधित लाइसेंस या वाहन से जुड़े कई कार्य नहीं करेंगे। हालांकि, परिवहन प्राधिकरण को ऐसे वाहनों की परमिट, फिटनेस और टैक्स संबंधी कार्यों को करने की अनुमति होगी।



इसका मतलब यह है कि यदि किसी वाहन का चालान समयसीमा के भीतर जमा नहीं हुआ है तो उसके रजिस्ट्रेशन संबंधी कोई कार्य नहीं हो पाएगा। साथ ही लाइसेंस संबंधी कार्यों पर भी रोक रहेगी। परिवहन अधिकारियों को हालांकि वाहन के परमिट, फिटनेस और टैक्स से जुड़े आवेदनों को निपटाने की मंजूरी होगी। अगर किसी व्यक्ति ने चालान की रकम जमा नहीं की है और वह दोबारा ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करते पकड़ा जाता है तो उसे पहले से अधिक जुर्माना देना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि ये सभी नियम कंपाउंडेबल अपराधों पर लागू होंगे।

# एक ही झटके में 150 रुपये महंगी हुई रसोई गैस



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** महंगाई की मार झेल रही देश की आम जनता को एक बार फिर बड़ा झटका लगाने वाला है। भारत की सबसे बड़ी ऑयल मार्केटिंग कंपनी इंडेन ने रसोई गैस सिलेंडर के दाम बढ़ा दिए हैं। जानकारी के अनुसार बिना सब्सिडी वाले रसोई गैस सिलिंडर के दाम में करीब 150 रुपये का इजाफा हुआ है। जो 12 फरवरी से लागू हो गई हैं। सभी महानगरों में बिना सब्सिडी वाले 14 किलो के रसोई गैस सिलिंडर के दाम में 144.50 रुपये से 149 रुपये तक की बढ़ोतरी कर दी गई है। दिल्ली में 14.2 किलो वाला सिलिंडर 144.50 रुपये महंगा हो गया है। इसका दाम अब बढ़कर 858.50 रुपये हो गया। वहीं बात अगर कोलकाता की करे तो यहाँ सिलेंडर 149 रुपये से बढ़कर 896.00 रुपये हो गया। मुंबई में इसका दाम 145 रुपये बढ़कर 829.50 रुपये हो गया। वहीं चेन्नई में यह 147 रुपये बढ़कर 881 रुपये का हो गया। लिए आपको बता दें कि इससे पहले 1 जनवरी 2020 को रसोई गैस के दाम बढ़ाए गए थे। हर महीने सब्सिडी और मार्केट रेट में बदलाव होता है।

# केर्न्स कप में हम्पी जीती, हरिका हारी

**सेंट लुइ। भारतीय खिलाड़ियों ने केर्न्स कप शतरंज के पांचवें दौर में मिला जुला प्रदर्शन किया जब कोनेरू हम्पी जीत गई लेकिन डी हरिका को पराजय झेलनी पड़ी।**



हम्पी ने काले मोहरों से खेलते हुए नाना जागनिजे को हराया । हम्पी पहले दौर में मिली जीत के बाद दूसरे दौर में हार गई थी जबकि तीसरे और चौथे दौर में ड्रा खेला । अब वह पांच दौर में तीन अंक लेकर दूसरे स्थान पर है । विश्व रैपिड चैम्पियन हम्पी ने 83 चाल में जीत दर्ज की । विश्व चैम्पियन वेंजुन जू ने कैटरीना लागनो को हराया । वहीं हरिका को वेलेंटिना गुनिना ने 38 चाल में मात दी । यह उसकी पहली हार रही । अब हम्पी का सामना अलेक्जेंड्रा कोस्तेनियुक से होगा जबकि हरिका की टक्कर मौजूदा विश्व चैम्पियन वेंजुन जू से होगी ।

## नरम वैश्विक संकेतों से सोना वायदा लुढ़का

**नयी दिल्ली (आरएनएस)।** वैश्विक बाजारों के कमजोर संकेतों के बीच सटोरियों के सौदे घटाने से बुधवार को वायदा बाजार में सोने का भाव 60 रुपये टूट गया। एमसीएक्स में अप्रैल डिलिवरी के सौदों में सोना वायदा भाव 60 रुपये यानी 0.15 प्रतिशत गिरकर 40,350 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। इसके लिए 1,284 लॉट का कारोबार हुआ। इसी तरह जून डिलिवरी के लिए यह भाव 68 रुपये यानी 0.17 प्रतिशत घटकर 40,510 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा।

# आईसीसी के आंकड़ों से दुनिया भर में क्रिकेट मैचों की संख्या बढ़ी

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को 2019 के असोसिएट सदस्यों से जुड़े आंकड़े जारी किए जो दर्शाते हैं कि दुनिया भर में क्रिकेट मैचों की संख्या में इजाफा हुआ है। आईसीसी ने कहा कि सदस्य देशों के बीच 2018 में खेले गए सभी टी20 मैचों को अंतरराष्ट्रीय दर्जा देने के आईसीसी बोर्ड के फैसले और इस प्रारूप में वैश्विक रैंकिंग शुरू करने से खेल पर बड़ा असर पड़ा है।



आईसीसी के बयान के अनुसार 2018 की तुलना में 2019 में असोसिएस्ट सदस्यों के बीच महिला द्विपक्षीय टी20 मैचों में 110 प्रतिशत का इजाफा हुआ। पुरुष टी20 मैचों में 34 प्रतिशत का इजाफा हुआ जिसमें 92 में से 71 असोसिएट सदस्यों ने सबसे छोटे प्रारूप में मुकाबले खेले। विज्ञप्ति के अनुसर 49 पुरुष टीमों ने अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेला जबकि 29 महिला टीमों ने इस प्रारूप में पदार्पण किया। आईसीसी के 50 लाख डालर से अधिक के निवेश से 2019 में 23 वैश्विक, क्षेत्रीय और उप क्षेत्रीय टूर्नामेंटों का आयोजन किया गया जिसमें 40 सदस्यों ने हिस्सा लिया और इससे खेल की प्रगति में मदद मिली।

# 16 मार्च से कुछ बैंकों के एटीएम से पैसे निकालने के नियमों में होगा बड़ा बदलाव

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** 16 मार्च 2020 से पूरे देश में एटीएम कार्ड से पैसे निकालने के नियमों में बदलाव होने जा रहा है। आरबीआई के मुताबिक, डेबिट कार्ड यानी एटीएम और क्रेडिट कार्ड से होने वाले ट्रांजैक्शंस (पैसों का लेन-देन) को और आसान करने के लिए नए नियम लाए गए हैं। साथ ही, खाते में जमा पैसों को सुरक्षित करना भी इन नए नियमों का मुख्य उद्देश्य है। आपको बता दें कि इससे पहले भी यानी 1 जनवरी 2020 से एसबीआई ने एटीएम से कैश निकालने को लेकर नए रूल्स जारी किए थे। अब एसबीआई ने एटीएम पर वन टाइम पासवर्ड आधारित कैश विदड्रॉल सिस्टम शुरू कर दिया है। इसके तहत रात 8 बजे से सुबह 8 बजे तक एटीएम से कैश निकालने के लिए आपको बैंक में रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर आया ओटीपी बताना होगा। यह नियम 10 हजार रुपये से ज्यादा के कैश ट्रांजैक्शन पर लागू है।



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकों से कहा है कि कार्ड इश्यू/रीइश्यू करते वक्त देश में एटीएम और पीओएस टर्मिनल्स पर केवल डॉमेस्टिक कार्ड्स से ट्रांजैक्शंस को ही मंजूरी दें यानी अब जिन लोगों ने विदेश आना-जाना नहीं होता है और उनके बैंक कार्ड पर ओवरसीज फैसेलिटी नहीं मिलेगी।

# रात में केला खाना सेफ है या नहीं? क्या कहता है आयुर्वेद, जानें



**पोटैशियम** बी6, विटमिन सी, मैग्नीशियम, कॉपर, फाइबर और कार्ब्स से भरपूर केला सेहत के लिए बेहद फायदेमंद है।

केला खाने से पाचन तंत्र बेहतर होता है, हार्ट को हेल्दी बनाए रखने में मदद मिलती है, अनीमिया दूर करने में मदद मिलती है और ब्लड प्रेशर भी कंट्रोल में रहता है। इतने सारे फायदों को जानने के बाद जाहिर सी बात है कि आप भी केला खाना शुरू कर देंगे। लेकिन एक और सवाल जो केला खाने वाले बहुत से लोगों के मन में आता है कि क्या रात के समय केला खाना चाहिए? क्या सोने से पहले केला खाना सेफ है? अगर आपके मन में भी हैं ये सवाल तो यहां जानें उनका जवाब...केले के बारे में क्या है आयुर्वेद की राय आयुर्वेद की मानें तो रात के समय केला खाने में किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं है।

## आज का राशिफल

मेषः किसी वाद-विवाद को पकड़कर सहयोगियों और वरिष्ठ अधिकारियों से ज्यादा तर्क-वितर्क नहीं करना चाहिए।

वृषभः आज का दिन आपके लिए अच्छा होगा, अचानक ही किसी जटिल काम के बन जाने से भाग्य की रुकावटें दूर होंगी।

मिथुनः आपका काम करने का तरीका नया है। किसी भी जटिल कार्य को आसानी से पूरा कर देने में आपको ज्यादा वक्त नहीं लगता है।

कर्कः किसी भारी काम का बोझ आज आपके ऊपर आ सकता है इसके लिए आपको अपने काम से छुट्टी लेनी पड़े।

सिंहः किसी अच्छे अधिकार क्षेत्र में घुसकर अपना वर्चस्व कायम रखना आपकी पुरानी आदत है।

कन्याः हो सकता है आजकल आपको कोई ज्यादा महत्वपूर्ण और जरूरी काम सौंप दिया हो, लेकिन आपको बिना किसी शंका और विचार के अपने कर्तव्य पर व्यस्त रहना चाहिए।

तुलाः आज सुबह से ही कुछ अजीब सा माहौल आपके आगे पीछे बना रहेगा।

वृश्चिकः कई बार आप न चाहते हुए भी ऐसे दौर में फंस जाते हैं जहां से निकलने पर काफी जद्दोजहद करी पड़ती है।

धनुः शेयर बाजार के चक्क र में पड़कर आपने काफी धन नष्ट कर दिया है।

मकरः आज आपके अंदर खूब सारी एनर्जी और उत्साह का संचार होगा। छुट्टी के बावजूद खूब सारा काम निपटा देने की इच्छा करेगी।

कुंभः लंबे समय संघर्ष करने के बाद अब आपको लगेगा कि कहीं बैठकर एकांत में कुछ समय गुजारना चाहिए।

मीनः धन कमाने के लिए कई प्रकार के रास्ते आपको नजर आएंगे। आपके सहयोगी और पार्टनर इस बात पर मतभेद रख सकते हैं कि कमाई करने के लिए कोई भी रास्ता बुरा नहीं है।

# विडियो में सारा अली खान की हरकतें देख याद आ रही हैं करीना कपूर



बॉलिवुड ऐक्ट्रेस सारा अली खान को फिल्मों में आए अभी ज्यादा वक्त नहीं हुआ है, लेकिन अपनी ऐक्टिंग और अंदाज़ से दर्शकों का दिल जीत चुकी हैं। यूं तो सारा को देखकर अक्सर लोग उनकी तुलना उनकी मां अमृता सिंह से करते हैं, क्योंकि वह दिखने में बिल्कुल अपनी मां जैसी हैं। हालांकि, इस बार सारा की मस्ती देखकर लोगों को उनकी दूसरी मां करीना कपूर की याद आ गई है। दरअसल यह विडियो तब किसी ने शूट कर लिया जब सारा और कार्तिक अपनी अगली फिल्म लव आज कल के प्रमोशन के लिए जा रहे थे। कार्तिक और सारा इस विडियो में साथ-साथ चलते नजर आ रहे हैं और बीच में अचानक ऐक्ट्रेस स्विमिंग पूल में कूदने जैसा एक्सप्रेशंस देती हैं और फिर उनके साथ चल रहे बॉडीगार्ड उन्हें बचाने के लिए अपना हाथ आगे बढ़ा देते हैं। हालांकि, इसके बाद भी वह नहीं रुकती हैं और कार्तिक के साथ मस्ती करते हुए वह बार-बार पूल की तरफ भागने की कोशिश करती हैं। जैसे-तैसे कार्तिक उन्हें रोकते हुए दिखते हैं। बस सारा की इसी मस्ती ने सबको उनकी स्टेप मदर करीना कपूर के जब वी मेट वाले कैरक्टर गीत की याद दिला दी है। सोशल मीडिया पर लोग कुछ ऐसे ही कॉमेंट भी कर रहे हैं। आपको याद दिला दें कि इम्तियाज अली की फिल्म जब वी मेट में करीना ने एक बेहद ही चुलबुली लड़की गीत का किरदार निभाया था।


# अरबाज खान के साथ काम करना था मुश्किलःजॉर्जिया ऐंड्रियानी

**अरबाज खान की गर्लफ्रेंड जॉर्जिया दबंग 3 से डेब्यू कर रही हैं इस बात के काफी चर्चे थे। हालांकि वह इस फिल्म में तो नहीं लेकिन श्रीदेवी बंगलो में वह अरबाज खान के साथ दिखाई देंगी।**



श्रीदेवी बंगलो सस्पेंस थ्रिलर है इसमें उन्होंने आइटम नंबर किया है। जॉर्जिया ने इससे पहले कभी बॉलिवुड स्टाइल डांस नहीं किया था। उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान बताया कि वह एक बहुत ही कॉन्शस डांसर हैं, उन्हें कथक और अलग-अलग तरह का डांस सीखने में कुछ दिन लगे। उन्होंने बताया कि अरबाज के साथ काम करने को लेकर भी काफी नर्वस थी। इसकी वजह उन्होंने बताई कि जिन्हें वह ज्यादा बात नहीं करती हैं उनके साथ काम करना आसान होता है। जॉर्जिया और अरबाज के रिश्तों को लेकर लंबे समय से खबरें आ रही हैं। एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने बताया था कि वह काम मांगने के लिए कभी भी अरबाज के प्रभाव का इस्तेमाल नहीं करतीं। उन्होंने यह भी माना था कि उनको जानने से उन्हें कॉन्टैक्ट मिलने में मदद जरूर मिलती है लेकिन आखिरकार उन्हें खुद को साबित करना ही पड़ता है। जॉर्जिया श्रेयश तलपड़े स्टारर फिल्म वेलकम तो बजरंगपुर में भी नजर आएंगी। रिपोर्ट्स की मानें तो यह फिल्म एक गांव आने वाली एक एनआरआई महिला के इर्द-गिर्द घूमती है।

# घर पर बनाए अचारी पनीर



### सामग्री :-

1 कप पनीर के टुकडे
2 टी-स्पून तेल
1 टी-स्पून सौंफ़
द टी-स्पून सरसों
1/4 टी-स्पून मेथी के दानें
1 टी-स्पून कलैंजी
1/2 टी-स्पून ज़ीरा
1/2 टी-स्पून हींग
1/2 कप स्लाइस किए हुए प्याज़
1/2 टी-स्पून हल्दी पाउडर
1/2 टी-स्पून लाल मिर्च का पाउडर
1/2 टी-स्पून काला नमक3/4 कप फेंटा हुआ दही
1 टी-स्पून मैदा
2 टेबल-स्पून कटा हुआ धनिया
नमक (स्वादानुसार)

### विधि :-


अचारी पनीर बनाने के लिए, एक गहरे नौन-स्टिक पैन में तेल गरम कीजिए और उसमें सौफ, सरसों, मेथी के दानें, कलौंजी, जीरा और हींग डालकर उसे मध्यम आंच पर 1 मिनट के लिए भून लीजिए. उसमें प्याज डालकर 2 मिनट के लिए मध्यम आंच पर भून लीजि।

उसमें पनीर, हल्दी पाउडर, लाल मिर्च का पाउडर और काला नमक डालकर अच्छी तरह से मिला लीजिए और उसे मध्यम आंच पर 1 मिनट के लिए बीच-बीच में हिलाते हुए पका लीजिए. उसमें दही और मैदा डालकर अच्छी तरह से मिला लीजिए और उसे मध्यम आंच पर 1 से 2 मिनट के लिए बीच-बीच में हिलाते हुए पका लीजिए. आंच को बंद कर दीजिए और उसमें धनिया और नमक डालकर अच्छी तरह से मिला लीजिए. चपाती या चावल के साथ गरमा-गरम परोसें।

## शब्द सामर्थ्य- 32

**बाएं से दाएं**
1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

**ऊपर से नीचे**
1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हरिदर्शन के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाली 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पांचवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 31 का हल**



## सू-दोकू- 32

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | 6 | | 2 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | 7 | 8 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.31 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |